तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025



13 शहर का प्रसिद्ध रमसगरी गार्डन हुआ बदहाल





14 कांग्रेसियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी...







छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

25/04/2025

(संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065

9340311314, 9303893829


## खबर संक्षेप

### सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन 30 को

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 अप्रैल बुधवार को भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष कमलनारायण तिवारी ने बताया कि भगवान की पूजा अर्चना दोपहर 12 बजे एवं भोजन प्रसादी दोपहर 1 बजे होगा। ब्राम्हण समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन शाम 4 बजे समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ओमप्रकाश तिवारी, राजकुमार तिवारी, हरिनारायण तिवारी, द्वारिका प्रसाद तिवारी समेत अन्य जुटे हैं।

### मिताली ने जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण की

**मगरलोड।** ग्राम अतरमरा पाण्डुका निवासी मिताली ने जेईई



मेंस 2025 की परीक्षा 98.5 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की। वह संतोष, तुलसी साहू की पुत्री है। उन्होंने अपने माता-पिता एवं गांव का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर गैंदुराम साहू, चिंताबाई साहू, बुधिया बाई साहू समेत ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कर्णेश्वर धाम सिहावा में 25 को मनेगी सेन जयंती

**नगरी।** सेन समाज के अराध्य संत शिरोमणि सेन महाराज की 725 वीं जयंती 25 अप्रैल शुक्रवार को



कर्णेश्वर धाम परिसर देऊरपारा सिहावा में मनाई जायेगी। सेन समाज के अध्यक्ष प्रकाश सेन एवं सचिव देवेन्द्र सेन ने बताया कि कर्णेश्वरधाम परिसर स्थित सेन समाज के ईष्टदेव भगवान विष्णु एवं सेन महाराज के मंदिर में सुबह 8 बजे से पूजा-अर्चना कर सेन जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। उसके बाद सेन महाराज की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विचार संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। दिन सर्व सेन समाज का वार्षिक सम्मेलन भी होगा। इस दिन तहसील नगरी एवं बेलरगांव के सभी सेलून एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान सहित गांव गंवई का कार्य बंद रहेगा।

### हाइवा चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से हाइवा चालक ने किराये के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार मोनिश रामटेके पिता भगवती राम उम्र 26 वर्ष ग्राम बिहरीकला अंबागढ़ चौकी निवासी हाइवा चलाने का काम करता था। युवक बीते डेढ़ साल से सोरिदवार्ड के शांति चौक के पास चोवाराम सिन्हा के घर में किराये पर रह रहा था। सोमवार को युवक ने किराये के मकान में सिलिंग पंखा में साड़ी का फंदा बना फांसी लगा ली। दूसरे दिन मंगलवार को घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शाम तक शव को जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी में भेज दिया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

---

कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने की कृषि संबंधी योजनाओं और कार्यों की समीक्षा

# अमानक कृषि खाद, दवा बेचने वालों पर करें दंडात्मक कार्रवाई

**संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर के साथ संभागायुक्त भी हुए बैठक में शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने अमानक खाद, दवा, बीज आदि बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अमानक खाद, दवा पाए जाने पर विक्रेता के खिलाफ न सिर्फ लाइसेंस निरस्त, जब्ती की कार्रवाई की जानी चाहिए बल्कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई करने की भी आवश्यकता है।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती निगार ने बुधवार को धमतरी के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की संभाग स्तरीय बैठक ली। बैठक में रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे सहित संभाग सभी पांच जिला रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, महासमुंद और गरियाबंद के कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, कृषि विभाग, पशु पालन, मछलीपालन, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी और कृषि विश्वविद्यालय के रिसर्च संचालक मौजूद रहे। बैठक में विगत रबी मौसम की उपलब्धियों और आगामी खरीफ मौसम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। आगामी खरीफ में नई किस्म के धान, मक्का आदि को प्रमोट करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कृषि उत्पादन समय पर बीज, खाद, दवा आदि के नमूने लेकर जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए ताकि समय पर किसानों को गुणवत्ता युक्त खाद , दवा आदि मिल सके। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा विकसित की गई छत्तीसगढ़ के लिए उपयुक्त नई किस्मों का प्रचार-प्रसार करने, उनसे संबंधित पोस्टर-पॉम्पलेट आदि वितरित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने पर्याप्त बीज की व्यवस्था करने और किसानों को रासायनिक खाद का सीमित इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करने पर भी फोकस किया। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने जिलेवार आगामी खरीफ कार्यक्रम और कृषि तथा उसके सहयोगी विभागों की योजनाओं की जानकारी कलेक्टरों के माध्यम से ली।



### नियमों से केज प्रकरणों की स्वीकृति

श्रीमती निगार ने मछली पालन विभाग की योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि केज प्रकरण स्वीकृत करते समय योजनाओं के मापदण्ड और नियमों का पूरा पालन किया जाना चाहिए। जरूरतमंद मछुआ परिवारों और समितियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने सभी जिलों में नई मछुआ समिति बनाने के निर्देश दिए। जिलों में दूध उत्पादन वाले क्षेत्रों की पहचान कर मिल्क रूट बनाने, दुग्ध समितियां गठित करने और समितियों को प्रशिक्षित करने कहा। उन्होंने दुग्ध व्यवसाय के लिए शासकीय सहायता पहले आओ-पहले पाओ के आधार देने को कहा।

### जर्जर नर्सरियों का करें कायाकल्प

उद्यानिकी विभाग की नर्सरियों के आय-व्यय, रख-रखाव की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी कलेक्टरों को नर्सरियों का निरीक्षण कर स्टेटस रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। शासकीय नर्सरियों के क्रमबद्ध जीर्णोद्धार के लिए उद्यानिकी विशेषज्ञों की सहायता लेकर विस्तृत योजना बनाने के निर्देश दिए। इस काम में महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ने की सलाह दी। संभाग में शत-प्रतिशत किसानों का केसीसी कार्ड बनाने, पीओएस मशीन के द्वारा उर्वरकों का वितरण, वितरित उर्वरक की रियल टाइम एंट्री करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी पात्र किसानों का ई-केवायसी कराने, उनकी बैंक एवं आधार सीडिंग कराने का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

### संभाग के 9.16 लाख हेक्टेयर में खेती

आगामी खरीफ में रायपुर संभाग में 9 लाख 16 हजार 417 हेक्टेयर में खेती की योजना तैयार की गई है। 8 लाख 48 हजार 942 हेक्टेयर में धान, 18 हजार 810 हेक्टेयर में मक्का, दो हजार 935 हेक्टेयर में लघु धान्य, 25 हजार 617 हेक्टेयर में दलहन, 7 हजार 893 हेक्टेयर में तिलहन और 12 हजार 220 हेक्टेयर में अन्य फसलों की खेती की जाएगी। किसानों को 5 लाख 26 हजार 43 क्विंटल विभिन्न फसलों के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें से एक लाख 31 हजार 720 क्विंटल सहकारिता से, 84 हजार 700 क्विंटल निजी क्षेत्र से और 3 लाख 9 हजार 623 क्विंटल अन्य माध्यमों से बीज की आपूर्ति की जाएगी। किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

---

# कार्यालयीन समय पर पहुंचें कर्मचारी : सूरज सिंह

- नवपदस्थ एसपी ने ली शाखा प्रभारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नवपदस्थ एसपी ने कार्यालय व सभी शाखा प्रभारियों की बैठक लेकर कर्मचारियों को कार्यालयीन समय पर पहुंचने व साफ सुथरी वेशभूषा में आफिस आने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ एसपी सूरजसिंह परिहार ने पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में सभी शाखा प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में शाखा प्रभारी व कार्यालयीन कर्मचारियों को समय पर आफिस पहुंचने निर्देशित किया। पुलिस कार्यलय के ओएम शाखा, पेंशन शाखा, स्थापना शाखा, एसआरसी शाखा, वेतन शाखा, एसी, डीएसबी, डीसीबी, शिकायत आदि शाखाओं के प्रभारियों से वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों एवं लंबित प्रकरणों के संबंध में पूछताछ करते हुए लंबी अवधि से लंबित शिकायतों एवं पत्रों के शीघ्र निराकरण करने के लिए आदेशित किया। पेंशन के लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मेडिकल एवं अन्य आवश्यक कार्यों का भुगतान जो बजट में कमी के कारण नहीं हो पा रहा है, उक्त बिलों के भुगतान के लिए पुलिस मुख्यालय से पत्राचार करने कहा। अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरण का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें।

बैठक में एएसपी मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी मीना साहू, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, निरीक्षक अखिलेश शुक्ला, लक्ष्मी ध्रुव, एसआई प्रेमप्रसाद उपाध्याय, विनोद शर्मा व रीडर सहित सभी शाखा के प्रभारी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में वाहन चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

- बेलरदोना-कोरगांव के मध्य हुई घटना

ब्लॉक मुख्यालय से महज चार किलोमीटर समीप 22 अप्रैल मंगलवार की शाम 6 बजे सड़क दुर्घटना में वाहन चालक की मौत हो गई है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बेलरदोना और कोरगांव के मध्य सड़क मोड़ में चार पहिया इको वाहन क्रमांक सीजी 23 जे 7530 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे वाहन चालक ओमप्रकाश सिन्हा पिता केशव सिन्हा उम्र 28 वर्ष बोईरगांव मैनपुर जिला गरियाबंद की मौत हो गई। शाम के समय राहगीरों द्वारा 108 वाहन को फोन कर बुलाया गया। शाम 6.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड लाया गया। उसके हाथ, सिर, सीने में गंभीर चोट लगने की वजह से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा पीएम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। पुलिस अज्ञात में मामला दर्ज कर 194 बीएनएस कायम कर जांच कर रही है।

---

# बिलाईमाता मंदिर की बंद बावली 36 साल बाद सफाई के लिए खुली





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर की आराध्यदेवी मां विंध्यवासिनी बिलाईमाता मंदिर परिसर की बंद बावली को 36 साल बाद सफाई के लिए खोला गया। अब इसे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ के लिए सुसज्जित किया जायेगा।

मां विंध्यवासिनी ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि मंदिर परिसर में पुरानी बावली है जो 36 वर्षों से बंद रही। बावली का महत्व सनातन धर्म में एक तीर्थ के रूप में है। पूजन सामग्री को उसी बावली में विसर्जित किया जाता है। उत्तर पूर्व जल क्षेत्र की बावली का एक अलग महत्व है जिसे लोग दर्शन करते हैं। अन्य क्षेत्र के मंदिर परिसर में अभी भी बावली है। मां विंध्यवासिनी मंदिर की बावली को ट्रस्ट अध्यक्ष के अलावा अन्य सदस्यों की मौजूदगी में खोलकर साफ किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि इस बावली को सुरक्षित बनाकर कांच से ढंका जायेगा। लाइट भी लगाई जायेगी ताकि भक्त दर्शन कर सके।

### जनजातीय उद्यमी एवं स्टार्टअप सम्मलेन 25 को छिपली में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आदिवासी युवाओं को उद्यम से जोड़ने और उनके सपनों को पूरा करने में सहयोग करने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर जनजातीय उद्यमी एवं स्टार्टअप सम्मेलन का आयोजन 25 अप्रैल को किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से नगरी ब्लॉक के सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय छिपली में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को प्रेरित करने जनजातीय उद्यमियों की सफलता की कहानियां, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्र में स्टार्टअप के विचारों, पूंजीकरण प्रक्रिया एवं संस्थागत सहयोग, सरकारी योजनाओं एवं फडिंग, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, जनजातीय उद्यमी योजना, पीएमएफएमई, मुद्रा, स्केलिंग अप एवं मार्केट लिंकेज, ई-कामर्स, डिजिटल भुगतान, ब्रांडिग की जानकारी दी जायेगी। साथ ही स्थानीय युवाओं की अपेक्षाएं एवं सुझाव आमंत्रित किये जायेंगे।

# चाचा-भतीजा पर बाइक सवारों ने किया चाकू से हमला, घायल

- कानीडबरी के पास घटना को अंजाम देकर फरार हुए हमलावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हलवाई काम निबटाने के बाद रात्रि में मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहे चाचा-भतीजा पर अज्ञात तीन युवकों ने चाकू से हमलाकर घायल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरेंगा निवासी शुभम साहू पिता देवेंद्र उम्र 24 वर्ष व उसके चाचा अमलेश साहू हलवाई का काम करते हैं। शुभम 19 अप्रैल को अपने चाचा अमलेश के साथ हलवाई का काम करने ग्राम सोनईडोंगरी गया था। काम निबटाकर दोनों चाचा भतीजा मोटर साइकिल से रात्रि में वापस घर ग्राम खरेंगा जा रहे थे। इसी दौरान रात्रि लगभग 12 बजे ग्राम कानीडबरी के पास तीन अज्ञात





व्यक्तियों ने चाचा भतीजा को धमतरी जाने का रास्ता पूछा। मोटरसाइकिल रोककर चाचा भतीजा अज्ञात व्यक्तियों को रास्ता बताने लगे, तभी अज्ञात तीनों व्यक्ति ने चाचा भतीजे से मारपीट शुरु कर दी। मारपीट का विरोध करने पर तीनों में से एक व्यक्ति शुभम की कमर के पास पकड़कर पिटाई करने लगा, वहीं दूसरे व्यक्ति ने अमलेश से मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान चाचा भतीजा मोटरसाइकिल पर ही सवार थे। दोनों को मोटरसाइकिल से जबर्दस्ती नीचे उतारकर मारपीट करते रहे। इसी दौरान तीनों में से एक व्यक्ति ने चाकूनुमा नुकीला हथियार निकाल शुभम की गर्दन, कमर के नीचे हमलाकर घायल कर दिया। वहीं अमलेश के सीने में चाकू से वार कर चोट पहुंचाई। दोनों जान बचाने बस्ती की तरफ भागने लगे। इसी बीच शुभम की जेब से मोबाइल व 1300 रुपए रास्ते में गिर गया। अमलेश तीनों व्यक्ति से बचने के लिए बस्ती की तरफ भाग रहा था। इसी समय मोटरसाइकिल पर आ रहे राहगीर को रोककर चाचा भतीजा मदद मांगकर अपनी मोटरसाइकिल तक पहुंचे तब तक तीनों अज्ञात व्यक्ति मौके से भाग गए थे। आसपास तलाश करने पर भी मोबाइल व रूपए नहीं मिले। तीनों अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल व पैसा लेकर फरार हो जाने की आशंका पीड़ित शुभम ने जताई है। शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 151/2, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

---

**किसानों को मिलने लगा तत्काल भुगतान, टैक्स भी 24 घंटे में हो रहा जमा**

# कृषि उपज मंडी बनी ई-मंडी, हर काम हो रहा ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अब हर हाल में किसानों को उनकी उपज का मूल्य 24 घंटे में मिलेगा। व्यापारी 24 घंटे में भुगतान नहीं करते हैं, उन्हें किसानों को ब्याज सहित उपज का मूल्य देना होगा। यही नहीं मंडी टैक्स भी व्यापारियों को 24 घंटे के भीतर जमा करना होगा। अन्यथा 24 प्रतिशत सालाना की दर से ब्याज के साथ मंडी टैक्स वसूला जाएगा।

मंडी के कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से मंडी का सारा काम ऑनलाइन कर दिया गया है। यहां सभी काम ई-मंडी साफ्टवेयर के जरिए हो रहा है। इसमें सौदा पत्रक, अनुज्ञा से लेकर गेट पास भी ई-मंडी के जरिए ऑनलाइन जारी हो रहा है। यही नहीं मंडी में पेमेंट भी ऑनलाइन मोड में हो रहा है। ऐसे में नियम के तहत आढ़तियों व व्यापारियों को अनिवार्य रूप से धान खरीदी के 24 घंटे भीतर किसानों को भुगतान करना पड़ रहा है। ई-मंडी साफ्टवेयर 1 अप्रैल से शुरू हो गया है। सभी काम ऑनलाइन होने से किसानों को राहत मिली है। अब उन्हें तत्काल में ही भुगतान मिल रहा है। केवल मंडी में होने वाली खरीदी ही ऑनलाइन नहीं हुई है, बल्कि सौदा पत्रक भी ऑनलाइन ही कट रहा है। ऐसे में जो व्यापारी किसानों से अनुबंध कर सीधे अपनी मिल में धान की खरीदी कर रहे हैं, उन्हें भी पेमेंट 24 घंटे में करना पड़ रहा है।

### मंडी को तत्काल मिल रहा शुल्क

व्यापारियों से धान खरीदी पर मंडी में टैक्स लिया जाता है। जानकारी के अनुसार खरीदी पर 1.5 प्रतिशत मंडी टैक्स, 0.50 प्रतिशत कृषक कल्याण कोष और 0.20 प्रतिशत निराश्रित लिया जाता है। पहले जब काम मैनुअली होता था, तब एक सप्ताह में खरीदी का पूरा विवरण तैयार किया जाता था। ऐसे में व्यापारियों को टैक्स पटाने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता था। अब ऑनलाइन होने से उन्हें भी तत्काल शुल्क पटाना पड़ रहा है। उधर मंडी को भी शुल्क अविलंब मिलने लगा है।

### नया धान आया, रेट नहीं खुला

कृषि उपज मंडी में नए धान की आवक शुरू हो गई है। बुधवार को नया धान मंडी में आया लेकिन इसकी खरीदी नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार नया धान खरीदी के लिए रेट तय नहीं हुआ है। वहीं नए धान में नमी की मात्रा भी अधिक है। अब किसानों को रेट खुलने का इंतजार है। उधर खरीफ के धान की आवक भी कम हो गई है। बुधवार को मंडी में 571 कट्टा पुराना धान बिका। सांभा धान 2330 रुपए प्रति क्विंटल, गोल्डन सांभा 2295 रुपए और सरोना 2160 रुपए प्रति क्विंटल में बिका।

### कोटाभर्री व बरारी क्षेत्र में चोरों का आतंक

- खेतों से कृषि उपकरणों की हो रही चोरी

**धमतरी।** कोटाभर्री व बरारी के खेतों से अज्ञात चोर लगातार कृषि उपकरणों की चोरी कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम कोटाभर्री, बरारी में धमतरी निवासी अशोक पवार का खेत है जिसमें धान की फसल लगी हुई है। 23 अप्रैल की सुबह अशोक पवार जब फसल देखने खेत पहुंचे तो वहां लगे मोटर पंप के 82 मीटर केबल वायर की अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। चोरी गए केबल वायर की कीमत साढ़े सात हजार रूपये है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में लंबे समय से कृषि उपकरणों की चोरी हो रही है। शिकायत पर रूद्री थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303-2 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### मुस्लिम जमात करेगा आतंकवाद का पुतला दहन

**जगदलपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के खिलाफ मुस्लिम जमात अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के जेरे निगरानी में आतंकवाद का पुतला दहन किया। आतंकवादियों की पनाहगाह बने मुल्क पाकिस्तान और आतंकियों की जमकर विरोध करेगी।अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के चेयरमैन डॉ जहिरुद्दीन शेख ने मीडिया को बयान जारी कर कहा है कि मानवता को कलंकित करने वाले आतंकवादियों का मुस्लिम जमात पुरजोर विरोध करती है। इन शैतानी ताकतों के खिलाफ शहर की मुस्लिम जमात सरकार और देश के साथ खड़ी है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है, इसलिए अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी की जेरे निगरानी में शहर की मुस्लिम जमात के द्वारा 25 अप्रैल दिन शुक्रवार को बाद नमाजे जुमा मिताली चौक में दहशतगर्दी और आतंकवाद का पुतला दहन करते हुए पुरजोर तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगी,डॉ जहिरुद्दीन शेख ने इस विरोध प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम जमात के लोगों को शामिल होने की अपील की है।

### व्यापम की उप अभियंता भर्ती के लिए परीक्षा 27 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 27 अप्रैल को उप अभियंता सिविल तथा उप अभियंता विद्युत एवं यांत्रिकी भर्ती परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक जगदलपुर के 4 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2, केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 3 , केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर और केन्द्र क्रमांक 1704 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक परीक्षा केन्द्रों पर उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। उपरोक्त परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है।

### सुशासन तिहार, आवेदनों के निराकरण के लिए शिविर 28 से

**जगदलपुर।** सुशासन तिहार के तहत जनसाधारण से लाइसेंस बनाने के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में 28 अप्रैल से 6 मई तक विकासखण्ड के अनुसार शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में विकासखण्डवार प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर लर्निंग लायसेंस बनाए जाएंगे। जिसके तहत जगदलपुर ब्लॉक के लिए 28 अप्रैल, बस्तर विकासखण्ड हेतु 29 अप्रैल, बकावंड एवं तोकापाल के लिए 1 मई, दरभा हेतु 5 मई और लोहंडीगुड़ा एवं बास्तानार के आवेदकों के लिए 6 मई को लर्निंग लायसेंस बनाए जाएंगे।

## निधन

### राजकरण ठाकुर



**कुरुद।** कुरुद के वरिष्ठ नेता, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवप्रताप ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती राजकरण ठाकुर कुरूद निवासी 55 वर्ष का निधन हो गया है। वे चुनमुन ठाकुर की मां व अशोक ठाकुर, शैलेंद्र ठाकुर की भाभी थीं। अंत्येष्टि कार्यक्रम आज गुरुवार को सुबह 9.30 बजे कारगिल चौक स्थित हिन्दू मुक्तिधाम में किया जायेगा।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

विधायक अजय चंद्राकर ने दिलाई 92.53 लाख रुपये की मंजूरी

# कुरुद क्षेत्र के 31 स्कूलों का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद विधानसभा क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। विधायक अजय चंद्राकर के विशेष प्रयास से कुरुद क्षेत्र की 31 से अधिक शासकीय शालाओं में मरम्मत, भवन जीर्णोद्धार, शौचालय निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए कुल 92.53 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने हर्ष जताते हुए विधायक श्री चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।




लोक शिक्षण संचालनालय, अटल नगर रायपुर द्वारा प्राप्त पत्रों एवं बजटीय आवंटन के अनुसार जिला कलेक्टर कार्यालय (शिक्षा) धमतरी द्वारा स्वीकृति आदेश जारी कर दिए गए हैं। शाला प्रबंधन समितियों को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है और कार्यों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरुद को सौंपी गई है।

इस निर्णय से न केवल स्कूलों की अवस्थिति में सुधार होगा बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण भी प्राप्त होगा। लोगों का मानना है कि ये कार्य लंबे समय से लंबित थे, जिन्हें अब गति मिल रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस कार्य को विकास की दिशा में प्रभावी पहल बताया है।

### इन विद्यालयों में होगा नवनिर्माण और सुधार

शास. प्रा. शाला मोंगरा भवन जीर्णोद्धार 6,50,000रूपए, शास. प्रा. शाला सेलदीप भवन जीर्णोद्धार 6,71,000, शास. प्रा. शाला गाडाडीह आर भवन जीर्णोद्धार 5,95,000, शास. नवीन प्रा.शा. रामपुर भवन जीर्णोद्धार 8,63,000, शास. नवीन प्रा.शा. रामपुर शौचालय मरम्मत 2,68,000, शास. प्रा. शाला भखारा भवन जीर्णोद्धार 2,42,000, शास. प्रा. शाला रामपुर भवन जीर्णोद्धार 2,20,000, शास. प्रा. शाला बंगोली शौचालय मरम्मत1,65,000, शास. प्रा. शाला नवागांव थूहा शौचालय मरम्मत 1,19,000, शास. प्रा. शाला बिरेझर भवन जीर्णोद्धार, 4,22,000, शास. नवीन प्रा.शा. नवागांव थूहा शौचालय मरम्मत 1,67,000, शास. पूर्व मा.शा. चटौद शौचालय मरम्मत 1,10,000, शास. प्रा.शा. महावीर चौक, भखारा जीर्णोद्धार 4,40,000 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कुरुद फर्श व नल मरम्मत, 3,28,000, प्रा.शा. चटौद शौचालय मरम्मत 57,000, प्रा.शा. कोंडापार बालक शौचालय मरम्मत 56,000, प्रा.शा. मौरीकला शौचालय व टाइल्स फिटिंग 42,000, प्रा.शा. मंदरौद शौचालय मरम्मत 73,000 प्रा.शा. गुदगुद शौचालय व किचन छत 56,000 मा.शा. परसवानी (दहदहा) बालक/बालिका शौचालय 2,06,000, मा.शा. खुरसेंगा बालक/बालिका शौचालय 2,06,000, मा.शा. टिपानी बालक/बालिका शौचालय 2,06,000, मा.शा. कमरौद बालक/बालिका शौचालय 2,06,000, उ.मा.वि. जीजामगांव छत मरम्मत 3,73,620, उ.मा.वि. गातापार शौचालय व भवन मरम्मत 7,73,000, उ.मा.वि. गुदगुदा खिड़की दरवाजा मरम्मत 48,000, उ.मा.वि. भुसरेंगा फर्श, दरवाजा, नल, शौचालय 4,20,000, उ.मा.वि. मरौद शौचालय, खिड़की-दरवाजा 4,55,000, मा.शा. मोहंदी छत मरम्मत, 1,35,000 ,शाला मोहरेंगा शौचालय व खिड़की-दरवाजा 1,71,000, उ.मा.मा.वि. बेलौदी में शौचालय, फर्श, दरवाजा की मरम्मत के लिए 5,10,000 रूपए स्वीकृत किया गया है।

# कविता बाबर ने स्कूल शिक्षा मद से निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



एक जन प्रतिनिधि का कार्य क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं एवं तकलीफों के निराकरण के लिए होता है। पूर्व वन समिति सभापति कविता बाबर लगातार तीसरी बार जिला पंचायत सदस्य के रूप में चुनकर आई हैं। अलग-अलग जिला पंचायत क्षेत्र से चुनाव लड़कर जनता के बीच अपनी स्वच्छ छवि एवं व्यवहार को कायम रखते हुए तीसरी बार उन्होंने जनता का विश्वास जीता और विपरीत परिस्थितियों में भी चुनाव में विजय प्राप्त की।

इसी कड़ी में क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्हें स्कूलों में व्याप्त समस्याओं के प्रति ग्रामीणों ने ध्यानाकर्षण एवं आवेदन किया था। उन्होंने पूर्व एवं वर्तमान क्षेत्र में स्कूल शिक्षा मदद से विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिलवाई है। माध्यमिक शाला दर्री में शौचालय मरम्मत एवं टाइल्स कार्य हेतु .50 लाख, माध्यमिक शाला कलारतराई में शौचालय एवं फ़र्श मरम्मत हेतु 2.51 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल पोटियाडीह में शौचालय निर्माण हेतु 2.06 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल झिरिया में छत मरम्मत, कक्ष मरम्मत एवं शौचालय मरम्मत हेतु 7 लाख, हाईस्कूल कसावाही में शौचालय निर्माण हेतु 2 लाख, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डाही में फर्श मरम्मत हेतु 2.50 लाख की स्वीकृति स्कूल शिक्षा मद से दिलाई है। इसके लिए क्षेत्र के सरपंच, ग्रामीणों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने कविता बाबर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

- आतंकियों की साजिश कभी भी कामयाब नहीं होगी : भानु

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों को कुरूद नगर पंचायत के मंगल भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस सभा में नगर-क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों, सरकारी संस्थाओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर आतंकवादियों की इस कायरतापूर्ण हरकत की भर्त्सना की है।

वंदेमातरम परिवार प्रमुख एवं विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने कहा कि यह कायराना हमला केवल निर्दोष लोगों पर नहीं, बल्कि हमारे देश की संस्कृति, शांति और मानवता के मूल्यों पर भी हमला है। आंतकियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोशिश कभी सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारा देश एकजुट है। आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोई भी साजिश कभी कामयाब नहीं होगी। मुस्लिम जमात के इमरान बेग ने कहा कि आतंकवादियों को उनके जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड से कम सजा नहीं मिलनी चाहिए। व्यवसायी विकास विकास चंद्राकर व अन्य लोगों ने दिवंगत आत्माओं के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने भगवान से प्रार्थना की है।

श्रद्धांजलि सभा में पार्षदगण महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, लोकेश साहू, मोहेन्द्र चन्द्राकर, थानेश्वर तारक, मूलचंद सिन्हा, संतोष बैस, राजेश पांडे, प्रसन्ना नायडू, अनुराधा साहू, ओमप्रकाश साहू, टेकू साहु, शत्रुघ्न साहू, भक्खु सेन, उत्पल ढीवरिया, राजू साहू, रजनी साहू, श्यामा नागर्ची, दीपमाला यादव, गेंदलाल साहू, सतीश सिन्हा, चंदन अंसारी, भूपेन्द्र साहू मौजूद थे।

# निगम को 50 लाख की क्षति पहुंचाने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

- तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम को 50 लाख की क्षति पहुंचाने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने बताया कि सोरिद वार्ड में नाला निर्माण कार्य में अधिकारियों ने बड़ी गलती की है। किसान की निजी जमीन पर लगभग 200 मीटर नाला बना दिया है। किसान द्वारा शिकायत करने के बाद नाला को डायवर्ट करने के लिए साल भर बने बीटी रोड को उखाड़कर वहां नाला बनाने का कार्य किया जा रहा है। इससे नगर निगम को लगभग 50 लाख की क्षति होने का अंदाजा है। दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने, अकारण 19 प्लेसमेंट कर्मचारियों को काम से निकालने, फर्जी राशन कार्ड पर जांच समिति ने क्या कार्यवाही की। तीन सूत्रीय मांगों का लेकर कांग्रेस पार्षदों ने निगम आयुक्त को घेरा। दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करवाने आयुक्त को मांग पत्र सौंपा और एक हफ्ते का समय दिया है अगर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कारवाही नहीं की गई तो कांग्रेस पार्षदों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी। इस दौरान पार्षद योगेश लाल, विशु देवांगन, सुमन मेश्राम, रामेश्वरी कोसरे, पूर्व पार्षद राजेश ठाकुर, सोमेश मेश्राम उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोड़रा के प्राचार्य जेआर साहू को सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय स्टॉफ, अभिभावक और छात्रों द्वारा उनके जन्मदिन के अवसर पर 23 अप्रैल को पेन, डायरी, गुलदस्ता भेंटकर विदाई दी गई ।

प्राचार्य जेआर साहू ने बताया कि उसने शासकीय माध्यमिक शाला बोड़रा में सन 2008 से सन 2025 तक कुल 17 वर्ष तक सेवा दी। यह बेहद खुशी का पल था। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सालिक राम साहू, उपाध्यक्ष टोपेश्वर दीवान, रामकुमार, केशव, नोहर यादव, गौकरण साहू, डाकेश साहू, टेपराम साहू सहित पालकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सशिमं छाती की प्रबंधकारिणी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सरस्वती शिशु मंदिर छाती के कार्यकारणी सदस्यों का बैठक हुई, जिसमें विद्यालय विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। आगामी सत्र में अधिक से अधिक संख्या में बच्चों का प्रवेश लेने, शिक्षा, खेल, कंप्यूटर के क्षेत्र में, स्टाफ, बच्चों की बैठक व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे लगाने, कुर्सी, टेबल व्यवस्था आदि को और सशक्त बनाने, आचार्यों के वेतन, बोनस, साफ-सुथरा शौचालय, पानी की व्यवस्था, पालक की बैठक व्यवस्था, गाड़ी पार्किंग स्थल को लेकर विचार-विमर्श किया गया। यह जानकारी सशिमं छाती के सचिव नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।

# रुद्री में मनाई दानवीर भामाशाह जयंती प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

- समाज की एकता एवं जागरूकता अनुकरणीय : ओंकार
- संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण हम सबकी जिम्मेदारी : अवनेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी








परिक्षेत्र साहू समाज रुद्री द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती महोत्सव एवं रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर गाइडेंस का आयोजन ग्रामीण साहू समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी, प्रमुख अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी थे। अध्यक्षता अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ ने की। अति विशिष्ट अतिथि रंजना साहू पूर्व विधायक, विशिष्ट अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, लक्ष्मीनारायण साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ, केशव साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, गोपाल साहू तहसील साहू संघ धमतरी, अनीता यादव जनपद सदस्य रुद्री, पार्वती साहू जनपद सदस्य सोरम, लक्ष्मी बया सरपंच रुद्री, डोमेश्वरी साहू सरपंच श्यामतराई, फागूराम साहू सरपंच भटगांव थे। अतिथियों एवं सामाजिकजनों ने दानवीर भामाशाह की महाआरती की। रक्तदान शिविर में रक्तवीरों द्वारा कुल 75 यूनिट रक्तदान किया गया।

कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष निरंजन साहू ने स्वागत भाषण में सामाजिक संगठन की एकता पर जोर दिया। अतिथियों ने सामाजिक विकृतियों को दूर करते हुए समाज हित में हमेशा संगठित रहने की की बात कही।

मौके पर जिला साहू संघ के सचिव लीलाराम साहू, नरेंद्र साहू, ललित चौधरी, श्यामा साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष उपाध्यक्ष रोशन साहू, उषा साहू, कोषाध्यक्ष केवल साहू, सचिव लकेश्वर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष दौवाराम साहू, निर्मल साहू, सदारम साहू, द्वारिका साहू, केजलाल साहू, कृष्णकुमार साहू, अशोक साहू, रामभगत साहू, कोमल प्रसाद साहू, करूण साहू, राजेन्द्र साहू,ललित साहू, गोहद राम साहू, रामाधार साहू, ध्रुव कुमार साहू, चंद्रकला साहू, शिवनारायण साहू, मोहित साहू, द्वारिका प्रसाद साहू, सदाराम साहू, इलाज राम साहू, गणेश्वरी साहू, अहिल्या साहू, सुरेखा साहू, केशव राम साहू, ध्रुव कुमार साहू, पुराणिक साहू, वेदराम साहू, हेमंत साहू, महेश्वरी साहू, भूपेंद्र साहू समेत सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। परिक्षेत्र सचिव लकेश्वर साहू ने आभार व्यक्त किया।

एमएसपी नीति को लेकर कृषकों व अधिकारियों के बीच हुई प्रश्नोत्तरी

# कृषि उपज मंडी कुरूद में स्टेक होल्डर कंसल्टेशन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





कृषि उपज मंडी कुरूद में स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन का आयोजन किया गया। मंडी में संचालित भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना ई नाम के बारे में कृषकों एवं व्यापारियों से समस्या एवं सुझाव से सम्बन्धित जानकारी ली गई। एमएसपी नीति लागू करने एवं समय पर भुगतान को लेकर प्रश्नोत्तरी हुई।

बुधवार को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में पूर्णचन्द्र किशन आईएएस संयुक्त सचिव कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, एसके सिंह, एसके मौर्या विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय फरीदाबाद, महेंद्र सिंह सवन्नी, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड रायपुर श्रीनिवास मंगम अपर संचालक मंडी बोर्ड की उपस्थिति में व्यापारियों एवं कृषकों के साथ मंडी में होने वाले गतिविधियों की जानकारी ली गई साथ ही व्यापारियों के व्यापार को बढ़ावा देने चर्चा की गई।

इस कार्यशाला में व्यापारी संघ के अध्यक्ष हितेंद्र केला, अनिल चंद्राकर, विजय केला, दीपक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, अन्य व्यापारीगण कार्यशाला में उपस्थित हुए। कृषक की ओर से भोलाराम साहू जुग्देही, ठाकुर राम साहू, चंद्रहाश पटेल व अन्य कृषकगण साथ ही मंडी समिति कुरूद के मंडी सचिव राजकुमार रात्रे, प्रदीप शुक्ला मंडी सचिव रायपुर, बोधन लाल मंडई मंडी सचिव धमतरी व मंडी के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

### समय-सीमा में भुगतान किए जाने की मांग

अधिकारियों ने कृषकों से भी प्रश्न उत्तर किये जिसमें कृषकों ने समर्थन मूल्य पर मंडी में खरीदी करने की मांग की और समय-सीमा पर भुगतान करने संबंधी प्रश्न किये। कृषकों के दलहन तिलहन को समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग की। इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण विषय एमएसपी गारंटी लागू करने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई और गारंटी लागू होने से कृषकों की उपज को व्यापारियों द्वारा एमएसपी से कम में खरीदी नहीं की जा सकती इस संबंध में भी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप



### समर कैंप में बच्चे सीख रहे योग कराटे, सिलाई कढ़ाई व बुनाई

दुर्गूकोंदल। नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप बच्चों को जीवन के मूल उद्देश्यों से अवगत कराना, बच्चों को गर्मी की छुट्टियाँ में व्यस्त और सक्रिय रखना, साथ ही उनके कौशल और विकास को बढ़ावा देना है। नए-नए विधाओं को प्रशिक्षकों के द्वारा अपना अभ्यास करा रहे हैं, जिसमें आसान संतुलन की तकनीकी कलात्मक मुद्राओं का अभ्यास करके प्रत्येक बच्चे इस पारंपरिक विधाओं से अवगत हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि समर कैंप में शारीरिक विकास एकाग्रता और मानसिक संतुलन का भी उत्कृष्ट साधन है।

### कलेक्टोरेट परिसर में लागू की गई धारा 163

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कलेक्टोरेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 22 अप्रैल से 21 जुलाई 2025 तक कुल 90 दिवस की अवधि के लिए धारा-163 लागू कर दी है। जारी आदेशानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं इसके आसपास 200 मीटर की दूरी में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी के लिए उक्त अवधि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

### सेजेस में भर्ती, दस्तावेज सत्यापन 30 अप्रैल को

**कांकेर।** जिले में संचालित 14 सेजेस विद्यालय अंतागढ़, आमाबेड़ा, भानुप्रतापपुर, कोरर, चारामा, हल्बा, दुर्गूकोंदल, कोड़ेकुर्से, हरनगढ़, बान्दे, कोयलीबेड़ा, नरहरपुर, सरोना, नरहरदेव में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय संविदा कर्मचारियों के रिक्त पदों की भर्ती के लिए योग्यताधारी आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का पात्र-अपात्र एवं दावा आपत्ति निराकरण उपरांत पदवार मेरिट सूची सह दस्तावेज सत्यापन 30 अप्रैल को पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उमावि कांकेर में सुबह 9 बजे से किया जाएगा।

### बीयर लेने पहुंचे युवक के साथ शराब दुकान वाले की मारपीट

**कांकेर।** मद्रासीपारा अंतागढ़ के विदेशी शराब दुकान में बीयर लेने पहुंचे युवक के साथ शराब दुकान के स्टाप ने मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। युवक ने मारपीट की शिकायत अंतागढ़ थाना में किया। शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंचे मोदे निवासी 24 वर्षीय राजू नेताम पिता कंवल सिंह नेताम ने पुलिस को बताया कि ड्राइवरी का काम करता हूँ और 21 अप्रैल को रिश्तेदार के घर ग्राम कलगांव शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया। दूसरे दिन 22 अप्रैल को मेरे दोस्त जागेश शोरी के साथ शराब खरीदने विदेशी शराब दुकान अंतागढ़ गया। करीबन दोपहर डेढ़ बजें शराब खरीदने काउंटर पर गया और दो बीयर मांगा, शराब दुकान वाले ने 460 रूपएं मांगे। मेरे द्वारा इतना पैसा क्यो दूंगा कहने पर नवदीप रामटेके एवं सुचित सिंह ने गाली देना शुरू कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, जिससे मेरे आंख और हाथ में चोट लगा है। दोनो आरोपी युवक हमारी बात किसी तरह को सुनने को तैयार नहीं थे, उनके द्वारा दादागिरी किया जा रहा था।

देखरेख के अभाव में फूल, पत्ती, पेड़ पौधे हो गए उजाड़

# शहर का प्रसिद्ध रमसगरी गार्डन हुआ बदहाल









## कुर्सी, बेंच, पाथे-वे, दीवार, लाइट टूट गई है, तालाब किनारे गंदगी पसरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर का प्रसिद्ध रमसगरी गार्डन इन दिनों बुरे दौर से गुजर रहा है। एक अर्से से जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण बदहाल हो गया है। तत्कालीन नपा अध्यक्ष एनपी गुप्ता के कार्यकाल में सौंदर्यीकरण करने के बाद यहां देखरेख का अभाव है। उस समय गार्डन सौंदर्यीकरण में 1.25 करोड़ का खर्च आया था। देखरेख के अभाव में मेन गेट पर सीमेंट से बनाई गई पेड़ की आकृति धूल खा रही है। कुर्सी, बेंच, पाथे-वे, दीवाल, लाइट टूटी हुई है। साफ-सफाई का अभाव है। तालाब किनारे गंदगी पसरी हुई है। पौधे टूटकर सूख गए हैं। सूखे पत्ते पेड़ों पर लटक रहे हैं। डस्टबिन के अभाव में गार्डन आने वाले लोग कचरा कहीं भी फेंक रहे हैं। बाउंड्रीवाल के बाहर रहने वाले निवासी घरों का कचरा तालाब किनारे डाल देते हैं। नालियों का गंदा पानी तालाब में पहुंच रहा है।



प्रतिदिन गार्डन घूमने आने वाले शहरी विशाल देशमुख, नरोत्तम दास, मनप्रीत सिंह, कुशल मारकंडे, ललिता तिवारी का कहना है कि गार्डन में पर्याप्त लाइट का अभाव है। शाम होते ही वॉक करने वाले यहां नहीं ठहरते। इसके बाद असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है।

मुकुंद कौशल, रजनी साव, प्रियंका सेन का कहना है कि रमसगरी गार्डन में प्रवेश निःशुल्क है इसलिए शहर के लोग यहां सुबह-शाम घूमने आते हैं। घंटों वॉकिंग के बाद घर जाते हैं। सुबह का समय तो ठीक है लेकिन शाम 6:30 बजे के बाद यहां रूकना उचित नहीं है। गार्डन में लगाए गए फूल, पत्ती, पौधे, झूले ओपन जिम उखड़ गए हैं। बता दें कि इस गार्डन में 200 से 250 पेड़ हैं जिसकी हरियाली लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती थी लेकिन उचित देखभाल नहीं होने से पेड़ पौधे मुरझाए हुए हैं। ओपन जिम के पास भवन निर्माण के लिए बड़े-बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं। 6 माह बीतने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं हुआ है। परिणाम स्वरूप गड्ढे 6 माह से खुले हैं। 10-12 गड्ढे बनाए गए हैं। ओपन जिम में व्यायाम करने वालों को परेशानी होती है। पाथ-वे जमीन के अंदर धंसने लगी है। चेकर टूटे हुए हैं। गेट खुले रहने पर आवारा मवेशी घुसकर गंदगी कर रहे हैं। लोगों ने स्थानीय प्रशासन से सौंदर्यीकरण करने की मांग की है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि रमसगरी गार्डन का जीर्णोद्धार अतिशीघ्र होगा। लोगों को मायूस होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार हैं।



# खसरा नंबर 2383 की जमीन से निगम ने हटाया अवैध कब्जा

- चार लोगों ने अवैध रूप से कर रखा था कब्जा, संतोषजनक जवाब न मिलने पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम धमतरी ने खसरा नंबर 2383 पर स्थित 4842 स्क्वायर फीट भूमि से अवैध कब्जा हटाया। यह जमीन वर्ष 1955 में नगर निगम द्वारा एक किसान से विधिवत खरीदी गई थी, लेकिन हाल के वर्षों में इस पर चार लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। शिकायतों और दस्तावेज़ों की जांच के बाद निगम प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए यह कदम उठाया। कार्रवाई नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर की गई। कार्रवाई का नेतृत्व उपायुक्त पीसी सार्वा ने किया। इस दौरान कई पक्के हिस्सों को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया।



निगम प्रशासन ने इससे पहले कब्जाधारियों को कानूनी नोटिस जारी किया था और उन्हें खाली करने का मौका दिया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई संतोषजनक जवाब या खाली करने की पहल न होने पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती रही। निगम अधिकारियों ने बताया कि यह भूमि नगर निगम की संपत्ति है और इसका उपयोग भविष्य में शहर की सुविधाओं के लिए किया जायेगा। अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। सरकारी अथवा निगम की संपत्ति पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कथा से पहले निकली कलश यात्रा, रथ पर जगद्गुरु नरेंद्राचार्य की प्रतिमा एवं पादुकाएं विराजित

- राउत नाचा, राम दरबार प्रदर्शनी, राधाकृष्ण झांकी ने मोहा मन
- दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर रूद्री में श्री कथा ज्ञान यज्ञ शुरू








हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर रूद्री में श्री कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हुआ। इससे पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। रथ पर जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज की प्रतिमा एवं सिद्ध पादुकाएं विराजित की गई थी। राउत नाचा, राम दरबार प्रदर्शनी, राधाकृष्ण झांकी के साथ भजन गायन हुआ। शोभायात्रा प्रातः 11 बजे साईं मंदिर रुद्री कॉलोनी से होते हुए कार्यक्रम स्थल दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर पहुंची। तत्पश्चात जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज की चरण पादुकाओं का पूजन किया गया। श्री कथा ज्ञान यज्ञ दोपहर 2:30 बजे हुआ। कथा के प्रथम दिवस जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज के कृपा पात्र शिष्य कृष्णदास महाराज ने श्री लीलामृत ग्रंथ पर प्रवचन दिया। तारकासुर ने देवताओं को जीतने और असुरों का राजा बनने के लिए घोर तपस्या की थी। उसने ब्रह्मा जी से वरदान मांगा कि उसकी मृत्यु केवल शिव के पुत्र के हाथों ही हो। तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उसे वरदान दिया।

### श्री कथा कल्पवृक्ष के समान : कृष्णादास महाराज

महाराज जी ने आगे कहा कि आज इस कलिकाल में हमारा मन ही सात्विकता की कमी से तारकासुर की तरह बन चुका है और इस तारकासुर का वध मन की सात्विकता, भगवान की भक्ति से होगा। आगे कहा कि श्री कथा ज्ञान सुनने मात्र से ही लोक परलोक दोनों सुधर जाते हैं। अन्य युगों में मोक्ष की प्राप्ति करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी वहीं कलयुग में श्री कथा सुनने मात्र से मुक्ति मिल जाती है। श्री कथा उस कल्पवृक्ष के समान है जो हमारी इच्छाओं की पूर्ति कर देती है। प्रवचन के बाद रासलीला हुई। कथा सुनने वरिष्ठ पत्रकार दीपक लखोटिया, श्रीमती अनीता यादव जनपद सदस्य, श्रीमती लक्ष्मी तरुण बया सरपंच, शुभम साहू उपसरपंच, जागेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, छत्तीसगढ़ पीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, उपपीठ प्रमुख मुन्ना लाल मोटघरे, पीठ व्यवस्थापक सुधीर पवार, छग उपपीठ ब्लड इन नीड प्रमुख सौरभ सोनी, जिला कर्नल वेदप्रकाश सोनी, जिला निरीक्षक सचिन तोड़कर, स्व-स्वरूप संप्रदाय जिला अध्यक्ष मोहनीश पद्मावार समेत बालोद, दुर्ग, राजनांदगांव जिले के भक्त उपस्थित थे।

# ज्योति कलश रथ ने 211 गांवों का किया भ्रमण, 11548 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



- अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा माताजी के जन्म शताब्दी अभियान अंतर्गत देश विदेश में दिव्य ज्योति कलश रथ का भ्रमण कराया जा रहा है। 30 मार्च को धमतरी आगमन पर गायत्री परिजनों द्वारा ज्योति कलश रथ का भव्य स्वागत किया गया। उस कलश को जिले के धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक में 20 दिनों तक भ्रमण कराया गया। लगभग 11548 दर्शनार्थियों ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि ज्योति कलश भ्रमण के दौरान गुरुदेव के विचार क्रांति अभियान के संदेश, उनके युग निर्माण योजना के उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, परिवार, समाज एवं राष्ट्र निर्माण के संदेश के साथ नशामुक्त गांव एवं संस्कारवान समाज बनाने के विचार को जन-जन तक पहुंचाने एवं जन जागरुकता लाने का प्रयास किया गया। इसी क्रम में 18 स्थानों पर दीप यज्ञ, लगभग 3000 साहित्य वितरण के साथ गायत्री मंत्र एवं संत संकल्प पाठ कराया गया। ग्राम मुजगहन के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा आगवानी की गई। इस अभियान में जिला समन्वयक दिलीप नाग, प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण, साधना देवांगन, रमेश सार्वा, ब्लाक समन्वयकगण उगेश बंसोर, बंशीलाल यदु , राम कुमार सामरथ, टीकाराम साहू, कमल साहू, चेतन साहू, हर्षद मेहता, शेखन साहू, लक्ष्मण यादव, प्रदीप देवांगन, खिलावन श्रीवास, समयदानी कार्यकर्ता राजकुमार साहू, धन्वंतरि नाग, पुरुषोत्तम निर्मलकर, विष्णु हिरवानी, कौशल साहू, घनश्याम ठाकुर, नारायण कौशिक, शांतिलाल साहू, संतोष साहू, तातूराम धीवर, गोवर्धन साहू, फनेन्द्र जगत, खिलावन साहू, सुरेश साहू, टेमन कश्यप, मोतीलाल दिवाकर, धर्मेन्द्र साहू, यशवंत साहू, भीषम साहू, नेमसिंग सिन्हा, श्रीमती शकुन कश्यप, योगेश्वरी साहू, कविता डड़सेना, सोहद्रा तारक का योगदान रहा।



# राज्य सरकार से एरियर्स सहित पांच प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग

- भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के पाठक जिला अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके वर्मा के मुख्य आतिथ्य और छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव की अध्यक्षता में पेंशनर संगठन के विस्तार और धमतरी जिले में पेंशनरों की समस्याओं के निदान को लेकर जिला पंचायत के सभागार पेंशनरों की बैठक हुई। बैठक में जलसंसाधन विभाग से सेवानिवृत अनुविभागीय अधिकारी डीके पाठक को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश का धमतरी जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। बैठक में राज्य सरकार से केन्द्र के समान केन्द्र की देय तिथि से एरियर्स सहित 5 प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग की गई। इस दौरान बीके शर्मा, राजेश तिवारी, डीपी सिन्हा, कृपाशंकर मिश्रा, बीपी तिवारी ने भी विचार रखे।

बैठक में प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने कहा कि सरकार मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के नाम पर अन्याय कर रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत केंद्र की देय तिथि से डीए डीआर देने की घोषणा को विष्णुदेव साय सरकार झूठा साबित करने का काम कर रही है।

इसके अलावा पेंशनरों की सारांशीकरण राशि की कटौती की अवधि कम करने, 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन देने, दैनिक वेतनभोगी की संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन गणना में शामिल करने, रेल यात्रा में छूट को पुनः बहाल करने, पेंशनरों को मृत्यु पर एग्रेसिया देने, आयकर से मुक्त करने, भारत भ्रमण की सुविधा देने, राज्य में बस यात्रा में छूट के आदेश का परिपालन करने, कैशलेस मेडिकल की सुविधा देने आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में केंद्र सरकार द्वारा पेंशनरों को आठवें वेतनमान में लाभ देने के मामले में 25 मार्च को पारित वित्त विधेयक पेंशन नियम में संशोधन प्रस्ताव का विरोध करने का निर्णय लिया गया।

डीपी सिन्हा, डीपी भार्गव तथा पीबी पराडकर ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। जिला समिति का शीघ्र गठन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव, प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएस दशमेर, प्रदेश संगठन मंत्री टीपी सिंह समेत अन्य शामिल रहे।

## हितग्राही लक्ष्मी को मिली व्हीलचेयर



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जनपद पंचायत नगरी में हितग्राही लक्ष्मी कुंजाम दुकालू उम्र 70 वर्ष निवासी घटुला को व्हीलचेयर प्रदान की गई।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व उपसरपंच मोनू साहू करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत नगरी आनंद साहू, सचिव संघ अध्यक्ष अनित कुमार, सहदेव भारती, बीरेंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र कोसरे, देवचरण कुंजाम थे।

हितग्राही लक्ष्मी कुंजाम व्हीलचेयर पाने के बाद काफी खुश हुई। उन्होंने कहा कि व्हीलचेयर मिलने से अब आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।







अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ब्राम्हणों को पेंशन दिलाने की सीएम से मांग

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम महापौर जगदीश रामू रोहरा को मांग पत्र सौंपा। परिषद ने मांग पत्र में लिखा है कि ब्राम्हण मंदिरों में पूजा पाठ पुरोहिती का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। इन सबकी जीविका का अन्य कोई साधन नहीं है। इतनी आमदनी भी नहीं है कि अपना परिवार भी चला सके। उन्होंने मंदिरों में पूजा पाठ पुरोहिती करने वाले ब्राम्हणों के लिए पेंशन निर्धारित एवं श्रमिक पंजीयन कराने की मांग की है ताकि उन ब्राम्हणों का जीवनयापन सुचारू रूप से चल सकेगा। मांग पत्र सौंपने के दौरान मुख्य रूप से परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री, पंडित संतोष तिवारी, महेश शास्त्री, अरूण उपाध्याय, राजकुमार तिवारी, घनश्याम द्विवेदी, उपस्थिति थे ।

### सेन जयंती पर 25 को सेलून दुकानें बंद रहेंगी

**धमतरी।** विगत दिनों सर्व सेन समाज जिला धमतरी की बैठक चंदापारी सेन समाज भवन धमतरी में हुई जिसमें जिले के 11 परिक्षेत्र के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी परिक्षेत्र में सेन जयंती 25 अप्रैल शुक्रवार को मनाई जाएगी। परिक्षेत्र स्तरीय नहीं मानने पर समाज के सभी सदस्य अपनी-अपनी दुकान, संस्थान एवं सेलून दुकान बंद कर अपने घरों में परिवार सहित गुरुदेव नंदा महाराज की पूजा अर्चना करेंगे। धमतरी परिक्षेत्र के सभी सदस्य एवं संचालकों से अपनी-अपनी दुकान बंद कर सेन जयंती अपने घरों में मनाने की अपील सेलून एसोसिएशन संगठन धमतरी के अध्यक्ष आनंद शांडिल्य एवं सचिव टिकेंद्र सेन ने की है।



### नशीली टैबलेट एवं कैप्सूल के साथ आरोपी गिरफ्तार

दंतेवाड़ा। जिले में अपराध पर अंकुश लगाने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, आर.के.बर्मन द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल कपील चन्द्रा के मार्गदशन में थाना प्रभारी किरन्दुल संजय कुमार यादव के नेतृत्व में 22 अप्रैल को बंगाली कैम्प किरंदुल निवासी सुभाष देबनाथ उर्फ नाटा किरन्दुल द्वारा अवैध नशीला टैबलेट व कैप्शूल बिक्री करने की सूचना पर थाना किरन्दुल की टीम बनाकर गवाहों के साथ आरोपी के घर पर रेड कार्यवाही की गई मौके पर गवाहों के समक्ष तलाशी में आरोपी के घर से 1000 नग अल्प्राजोलम टैबलेट , 144 नग स्पास्मो कैप्सूल एवं बिक्री रकम 3000 रखा मिला। कार्रवाई करते हुए नशीली टैबलेट, कैप्सूल एवं बिक्री रकम को जब्त कर आरोपी सुभाष देवनाथ उर्फ नाटा 46 वर्ष को को गिरफ्तार किया।

### नगर के घड़ी चौक में मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का रखा मौन

# कांग्रेसियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी। बुधवार को नगर के घड़ी चौक में मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की साथ ही सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की मांग उठाई गई। कांग्रेसियों ने आगे कहा कि देश की एकता, शांति और सुरक्षा के लिए हम एकजुट हैं। कांग्रेसियों ने इस घटना के लिए केंद्र सरकार सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अभी एक हफ्ते पहले ही गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया था कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को प्रभावी रूप से कम कर दिया गया है, लेकिन पहलगाम हमले के दिल दहला देने वाले दृश्य ने उस कथन को तोड़ दिया है। इस घटना ने सरकार की बड़ी विफलताओं को उजागर कर दिया है।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल प्रसाद शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, विजय प्रकाश जैन, सूर्याराव पवार, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, होरीलाल साहू, नरेश जसूजा, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, पार्षद योगेश लाल, विशु देवांगन, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा मरकाम, प्रदेश सचिव संचार विभाग रजत जसूजा, रामनाथ यादव, रफीक भाई इत्रवाले, संजय डागौर, राजेश पांडे, कमलेश सोनकर, विक्रांत पवार, सोमेश मेश्राम, गौतम वाधवानी, यश राजपूत, विशाल शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, तारिक रज़ा कादरी, आशुतोष खरे, गीतराम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजयुमो ने आतंकवाद का पुतला फूंका



- हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए वीभत्स आतंकी हमले के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने घड़ी चौक पर आतंकवाद का पुतला दहन किया तथा हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।

इस आयोजन के माध्यम से युवा मोर्चा ने आतंक के खिलाफ जनआक्रोश को अभिव्यक्त किया तथा स्पष्ट किया कि भारत की युवा शक्ति आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दीप जलाकर उनके प्रति संवेदना व्यक्त की गई। देशवासियों से एकजुट होकर इस लड़ाई में सहभागी बनने का आह्वान किया।

मौके पर अविनाश दुबे, चेतन हिंदुजा, कैलाश सोनकर, विजय साहू, नीलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, कुलेश सोनी, विनय जैन, राजीव सिन्हा,पिंटू यादव, कोमल सार्वा, नील पटेल, शैलेन्द्र रजक, नरेंद्र साहू, महेन्द्र खंडेलवाल, राकेश साहू, विशाल त्रिवेदी, दिलीप पटेल, राजीव चंद्राकर, श्रीमती अर्चना चौबे, श्रीमती श्यामा साहू, बीथिका विश्वास, श्रीमती चंद्रकला पटेल, सुश्री पार्वती वाधवानी, श्रीमती सुशीला तिवारी, श्रीमती सीमा चौबे, श्रीमती ईश्वरी नेताम, श्रीमती लता सोनी, श्रीमती नीतू त्रिवेदी, जय हिंदूजा, देवेश अग्रवाल, सूरज शर्मा, राम सोनी, सुभाष चंद्राकर, चिराग आथा, ओमेश यादव, वेदप्रकाश साहू, नीरज शुक्ला, देवेश साहू, अनुज तिवारी, आयुष दीवान, पंकज गौतम, धनेश नवरंग, पोखराज साहू, प्रतीक चौबे, राहुल साहू उपस्थित थे।

# पीजी के छात्रों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमारपाठक तथा आईक्यूएसी और प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद के मार्गदर्शन में फिट फ्यूजन कार्यक्रम अन्तर्गत योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यास कल्याणी बघेल ने कराया। उनके द्वारा ज्ञान मुद्रा, सूर्य मुद्रा, प्राण मुद्रा, पृथ्वी मुद्रा, भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, शवाशन, वज्रासन, पदमासन, काक आसन, धनुरासन का योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक भीखमलाल सायतोड़े, अतिथि व्याख्याता डॉ. उमा द्विवेदी, जनभागीदारी शिक्षक दिपाली साहू के साथ विभिन्न संकाय के विद्यार्थी शामिल हुए।

# आवास प्लस सर्वे कार्य 30 तक पूर्ण करें : रोमा

- जिपं सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत प्रगतिरत कार्यों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव के निर्देशन में विकासखण्ड नगरी के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति के लिए बैठक ली गई। इस आयोजन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी एवं अधिनस्थ उप अभियंता, तकनीकी सहायक एंव सर्वाधिक लक्ष्य वाले पंचायतों के आवास कैडर सम्मलित हुए।

समीक्षा बैठक में उपसंचालक पंचायत नकुलप्रसाद वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को नवीन स्वीकृत आवास का ले-आउट करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी आवासों को प्रारंभ कराना, आवास प्लस सर्वे 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत पूर्ण कर पंचायतों से प्रतिवेदन लेना, वित्तीय वर्ष 2024-25 की सभी द्वितीय किस्त प्राप्त आवासों का ढलाई पूर्ण कराकर 15 दिवस के भीतर प्लास्टर, लोगो विवरण लेखन कराते हुए पूर्णता का जियो टैग करना तथा जनमन योजना की तृतीय किस्त आवासों को प्राथमिता में लेते हुए जल्द पूर्ण कराने के दिशा-निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से चैतन ध्रुव सहायक परियोजना अधिकारी आवास, करूणा सागर पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी, मोनेश साहू सहायक अभियंता आवास एवं जनपद पंचायत के विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पहलगाम में शहीद पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- कृदत्त कालोनी में हुई श्रद्धांजलि सभा

जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद पर्यटकों को बुधवार शाम 7 बजे कृदत्त कॉलोनी गोकुलपुर के निवासियों ने दीप और मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने हिंदुओं पर हुए इस जघन्य हमले की कड़ी निंदा की है। उनका कहना था कि इस हमले में हिन्दुओं की पहचान कर उनका आईडी देखकर धर्म पूछकर, मासूम बच्चों के सामने उनके पिता की आतंकियों ने जघन्य हत्या की है। यह अक्षम्य है। साथ ही सेना से मांग की है कि फरार हमलावर आतंकियों को जल्द से जल्द ढूंढकर जन्नत पहुंचाया जाए। इसके अलावा भारत देश के अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर पर अपनी गिद्ध नजर रखने वाले पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर पीओके में मौजूद आतंकियों के लॉन्च पैड को खत्म किया जाए।

इस अवसर पर कॉलोनी के एनडी सोनी, नेगूराम साहू, प्रवीण यादव, देवेन्द्र डड़सेना, मनीषा साहू, पार्वती साहू, ज्योति जायसवाल, कंचन साहू, शैल गंजीर, रानी डड़सेना, डॉ विजयलक्ष्मी सिंह, वंदना सिंह बशिस्ट, हिताक्षी, हिमांशी आदि उपस्थित थे।

# अधिवक्ता संघ ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की



- कहा : यह घटना मानवता के मूल्यों पर सीधा प्रहार है

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अधिवक्ता संघ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ ने इस घृणित कृत्य की कड़ी शब्दों में निंदा की है। संघ ने कहा कि यह घटना मानवता के मूल्यों पर सीधा प्रहार है। यह आतंकवादियों की हिंसा और नफरत की विचारधारा को दर्शाती है। इस प्रकार की आतंकी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाना आवश्यक है। संघ निर्दोष पर्यटकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। संघ ने भारत सरकार से मांग की है कि वह इस घटना की गहन जांच करे और इसमें शामिल सभी आतंकवादियों एवं उनके समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। जम्मू एवं कश्मीर में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करें। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बीके सिंह, सचिव सौरभ मिश्रा, उपाध्यक्ष नंदकुमार, पूर्व उपाध्यक्ष जानकी तिवारी, महिला उपाध्यक्ष सीमा सोनी, वरिष्ठ अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू, लील पटेल, सुनील कुमार सोलंके, भीखम लाल सिन्हा, गोपी कुर्रे, ग्रेवेंद्र पटेल, अजीत साहू, दानीराम साहू, पीयूष देवांगन, विपिन पवार, विपिन जैसवानी, भूपेश प्रजापति, अशोक उदासी, यशवंत साहू, यशवंत कौशिक, तारा देवांगन समेत अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

# अछोटा में ग्रामीण बौद्ध समाज ने मनाई अंबेडकर जयंती

बाबा साहेब के संविधान में सभी के हितों की रक्षा निहित है : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






अछोटा में ग्रामीण बौद्ध समाज ने अंबेडकर जयंती मनाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर विद्वान पुरूष थे। उनकी अगुवाई में भारतीय संविधान की रचना हुई है, जो भारत के गरीब, दलित, पिछड़ा वर्ग को संरक्षण देता है। बराबर का अधिकार और समानता देता है। अंबेडकर के प्रयास से ही भारत अनेकता के एकता के सूत्र में बंधा है। बगैर भेदभाव के लोग जीवनयापन कर रहे हैं। डा. अंबेडकर ने विश्व के सबसे बड़े संविधान की रचना की है जो अपने आप में अनूठा है। बाबा साहेब ने सभी भारतीयों को शिक्षा ग्रहण करने की सीख दी है। शिक्षा ही ऐसा हथियार है जो लोगों को उन्नति के रास्ते पर ले जाती है। अध्यक्षता कर रहे हृदयराम रामटेके ने कहा कि अंबेडकर साहेब को उनकी काबिलियत की वजह से पूरे विश्व के लोग जानते हैं। ऐसा ही काबिल सभी को बनना है। संविधान बाबा साहेब की ही देन है जिसके कारण सभी भारतीयों को संरक्षण प्राप्त है। हमें उनके बनाए रास्ते पर चलना है। जिपं सदस्य मोनिका देवांगन ने कहा कि डा. अंबेडकर ने अपनी काबिलियत और प्रतिभा के बल पर ऊंचाइयों को छुआ है। वे सदैव भारतीयों के दिल में बसेंगे। उनके द्वारा बनाए गए संविधान में सभी के हितों की रक्षा होती है। दिए गए मौलिक अधिकार से हमें संरक्षण मिलता है। इस अवसर पर ज्ञानीराम रामटेके, कैलाश देवांगन, जनपद सदस्य संतोषी ढीमर सरपंच, भोलाराम देवांगन, अरूण देवांगन, दशरथ साहू, गणेश खापर्डे, विजेंद्र रामटेके, रमेश खापर्डे, रामसंजीवन मेश्राम, संजय रामटेके, केशव गोंडाने, मनोज मेश्राम, भावेश मेश्राम, निवेश उइके, भूपेंद्र रंगारी, प्रभाकरराव खापर्डे, राकेश रंगारी, तुकाराम मेश्राम सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे। मंचीय कार्यक्रम के पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

# लिमतरा के रेशांत का अग्निवीर में चयन



- प्रशिक्षण के लिए बैंगलोर रवाना, ग्रामीणों ने किया विदा

**धमतरी।** ग्राम लिमतरा के रेशांत साहू का अग्निवीर में जीडी आरक्षक के पद पर चयन होने से परिवार एवं ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण होने के बाद 19 वर्ष में ही पहले प्रयास में ही उनका चयन हो गया। एक सादे समारोह में सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू, उपसरपंच पंकज साहू, रिटायर्ड पुलिस अशोक साहू, घनश्यामसिंह साहू, कार्तिक साहू, अनिल बनपेला, घनश्याम साहू, कोमलसाहू, प्रफुल ध्रुवंशी, विरेंद्र ध्रुवंशी, खुशी देवी, रितेश्वरी, राधेलाल, झामिनबाई, महेश साहू, रायसिंग, हर्षद नीलकुमार, ओमप्रकाश, खूबलाल, राजेश साहू, टेकराम, तिलक साहू ने उन्हें ट्रेनिंग के लिए विदा किया। रेशांत में बचपन से ही देशसेवा करने का जूनून रहा है। बैंगलोर में वे प्रशिक्षण लेंगे। उन्होंने जीवनराम निषाद रिटायर्ड आफिसर मिलेट्री ऐकेडमी धमतरी के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की है।










